भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2718
04 अगस्त, 2021 को उत्तर के लिए

परमवीर चक्र विजेता के सम्मान में सैनिक विद्यालय

2718. श्री अरुण कुमार सागर :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले की तहसील कलां, गांव खजूरी में जन्मे परमवीर चक्र पुरस्कार विजेता नायक श्री जदुनाथ सिंह की स्मृति में एक सैनिक स्कूल स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है ;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और
(ग) क्या सरकार ने देश के विभिन्न अन्य जिलों में सैनिक स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिले-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग): मौजूदा पद्धति के तहत सैनिक स्कूलों की स्थापना राज्य सरकार से अनुरोध प्राप्त होने पर की जाती है जिन्हें राज्य सरकार से संबंधित कैडेटों के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान करने के अलावा मूलभूत अवसंरचना के सृजन और रखरखाव, उपकरण और अन्य सुविधाओं की खरीद के लिए निधियों के साथ-साथ भूमि प्रदान करने पर सहमत होना भी अपेक्षित होता है । भूमि के उपयुक्त पाए जाने और अन्य आवश्यकताओं पर सहमति होने पर एक सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया जाता है जिसके बाद समझौता-ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए जाते हैं ।

सरकार ने एनजीओ/निजी स्कूलों/राज्यों आदि के साथ भागीदारी से देश में 100 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना के लिए बजट 2021-22 में एक योजना की घोषणा की है । योजना अनुमोदित होने के पश्चात तदनुसार नए स्कूलों की स्थापना की जाएगी ।

***